SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
NOTES (TERM-2)

CLASS : 5 SUBJECT: HINDI

Prepared By: PUJA JAISWAL LESSON- 15, गुलीवर की यात्रा

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक 'प्रतिभा' से लिखिए ।

प्रश्न २) खाली जगह भरिए –

१) लिलिपुट वासी बौने थे ।

२) लिलिपुट के सभी मकान तो बिलकुल खिलौने जैसे थे ।

३) लिलिपुट देश की भाषा सिखाने के लिए ६ विद्वान नियुक्त किए गए ।

प्रश्न ३) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

१) यात्रा = सफ़र

यात्रा करने से ज्ञान बढ़ता है ।

२) प्रशंसा = तारीफ़

मेरे अच्छे अंक आने पर अध्यापक ने मेरी प्रशंसा की ।

३) विचित्र = अनोखा

समुद्र में विचित्र जीव रहते हैं ।

प्रश्न ४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

क) गुलीवर कहाँ नौकरी करता था ?

उत्तर- गुलीवर जहाज़ पर नौकरी करता था ।

ख) गुलीवर किस द्वीप पर पहुँच गया था ?

उत्तर- गुलीवर लिलिपुट द्वीप पर पहुँच गया था ।

ग) लिलिपुट पर चढ़ाई करने का मौका कौन ढूंढ रहा था ?

उत्तर- लिलिपुट पर चढ़ाई करने का मौका ब्लेफुस्कू का राजा ढूंढ रहा था |

प्रश्न ५) दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए -

क) गुलीवर को कब पता चला की उसे बंदी बना लिया गया है ?

उत्तर- जब गुलीवर की नींद खुली तो उसने देखा की उसे एक गाड़ी में रखकर कहीं ले जाया जा रहा है तब उसे पता चला की उसे बंदी बना लिया गया है |

प्रश्न ६) विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए -

क) गुलीवर ने लिलिपुट वासियों की सहायता किस प्रकार की ?

उत्तर- जब गुलीवर को पता चला कि पड़ोसी देश ब्लेफुस्कू का राजा लिलिपुट पर आक्रमण करने वाला है तब उसने लिलिपुट वासियों की मदद करने के लिए कुछ काँटे और रस्सियाँ ली और ब्लेफुस्कू की खाड़ी में चला गया | उसने ब्लेफुस्कू के जहाजों को काँटे में फसाया और लिलिपुट ले आया |

व्याकरण

प्रश्न ७) दिए गए शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए -

१) सज्जन = सज्जनता

२) नारी = नारीत्व

३) एक = एकता